Roll No. ...........................

# 9661-A

## B. A. LL.B. (Hons.) 5 Year Course
## 1st Semester (w. e. f. Dec. 2017)
## Examination – Nov./Dec., 2025

**HINDI – I**

**(SAMANYA EVAM VIDHIK HINDI - I) (w. e. f. Dec. - 2020)**

**Paper : 1704-A**

*Time : Three Hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

*प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।*

***नोट*** : निर्देशानुसार ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. 'परिन्दे' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए। 14

**अथवा**

'त्रिशंकु' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

2. किन्हीं ***दो*** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। $7 \times 2 = 14$

(क) एक दिन दोनों मित्र बैठे शतरंज की दलदल में गोते खा रहे थे कि इतने में घोड़े पर सवार एक बादशाही फौज का अफसर मीर साहब का नाम पूछता हुआ आ पहुँचा। मीर साहब के होश उड़



गए। यह क्या बला सिर पर आई। यह तलबी किसलिए हुई। अब खैरियत नहीं नज़र आती। घर के दरवाजे बंद कर लिए। नौकरों से बोले, "कह दो घर में नहीं है।"

(ख) "डॉक्टर, आपको मालूम है ....... मिस लतिका का व्यवहार पिछले कुछ अर्से से अजीब-सा लगता है।" ह्यूबर्ट के स्वर में लापरवाही का भाव था। वह नहीं चाहता था कि डॉक्टर को लतिका के प्रति उसकी भावनाओं का आभास-मात्र भी मिल सके। जिस कोमल अनुभूति को वह इतने समय से संजोता आया है, डॉक्टर उसे हँसी के एक ही झटके में उपहासास्पद बना देगा।

(ग) घर की चारदीवारी आदमी को सुरक्षा देती है पर साथ ही उसे एक सीमा में बांधती भी है। स्कूल कॉलेज जहाँ व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास करते हैं वही नियम कायदे और अनुशासन के नाम पर उसके व्यक्तित्व को कुंठित भी करते हैं, ........ बात यह है बंधु, कि हर बात का विरोध उसके भीतर ही रहता है।

(घ) इस तरह गरमी ने उस शहर की समाज-व्यवस्था और अर्थ-व्यवस्था को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया था। लोग आजाद होते हुए भी गुलाम थे और मजे की बात यह कि वे गरमी का कुछ बिगाड़ नहीं सकते थे। अतः लू से बचने के लिए उन्होंने अपनी जेबों में प्याज की छोटी-छोटी पोटियाँ रख लीं और शुक्र मना रहे थे।



https://www.mdupapers.com

3. हिन्दी की विधि जागरुकता स्थिति स्पष्ट कीजिए। 14

अथवा

हिन्दी भाषा की सामाजिक स्थिति पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चौदह*** शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखकर हिन्दी वाक्य में प्रयोग कीजिए : 14

अधिकार पृच्छा, अधिष्ठाता, अधिसूचना, अपराध, अपवचन, अभिप्राय:, दावेदार, अभिसमय, अभिमत, अश्लील, असलियत, नागरिकता, आत्मरक्षा, आरम्भ से, उत्प्रवास, कुर्की, चुंगी, निरसन।

5. ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 8 = 24$

(i) शतरंज के खिलाड़ी कहानी का उद्देश्य लिखिए।

(ii) 'प्रमोशन' कहानी के प्रमुख पात्र लिखिए।

(iii) लाल पान की बेगम कहानी की आँचलिकता पर प्रकाश डालिए।

(iv) 'बहिर्गमन' कहानी की आज के समय में प्रासंगिकता पर लिखिए।

(v) 'बहिगर्मन' कहानी के पात्र मनोहर का चरित्र-चित्रण लिखिए।

(vi) आपकी छोटी लड़की कहानी की पात्रा दीदी के बारे में लिखिए।

(vii) 'जाह्नवी' कहानी की संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(viii) 'अतिथि देवो भव' कहानी का अभिव्यक्ति पक्ष स्पष्ट कीजिए।



https://www.mdupapers.com